| | |
|---|---|
| प्रश्न 14 | क्या मैं अधिवर्षिता की आयु या 60 वर्ष की आयु के बाद सेवानिवृत्ति खाते में अंशदान कर सकता/सकती हूँ ? |
| | हाँ, अभिदाता के पास, लिखित में प्रदान करने पर, अपने व्यक्तिगत पेंशन खाते में अपने द्वारा निर्धारित आयु तक अंशदान करने का विकल्प है, किन्तु यह 75 वर्ष से अधिक नहीं हो सकती। ऐसे मामलों में, पेंशन सेवानिवृत्ति खाते सरकारी क्षेत्र से सर्व नागरिक क्षेत्र सहित कॉर्पोरेट क्षेत्र में स्थानांतरित करना होगा और एनपीएस के तहत लगने वाले खर्च, प्रबंधन शुल्क और देय शुल्क पहले के समान लागू रहेंगे। |
| प्रश्न 15 | अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने के बाद योजना में जारी रहने की प्रक्रिया क्या है ? |
| | ऐसे विकल्प का प्रयोग 60 वर्ष या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने से 15 दिन पूर्व लिखित में सीआरए या एनपीएस न्यास को जमा करना होगा। |
| प्रश्न 16 | 60 वर्ष या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने से 15 दिन पूर्व लिखित आवेदन के गैर-प्रस्तुतीकरण के मामले में योजना को जारी रखने की क्या प्रक्रिया है ? |
| | अभिदाता, जिन्होंने 60 वर्ष या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने के 15 दिन पूर्व लिखित आवेदन प्रदान नहीं किया है, किन्तु वह अपने व्यक्तिगत पेंशन खाते को जारी रखना चाहता/ती हैं, तो वह एनपीएस न्यास को विलम्ब के कारणों को बताते हुए लिखित में आवेदन भेज सकता/सकती हैं।<br>एनपीएस न्यास के अधिकृत अधिकारी, जैसा वह उचित समझें, अभिदाता द्वारा किये गए लिखित आवेदन में बताये गए विलम्ब को माफ़ कर सकता हैं। |
| प्रश्न 17 | क्या मैं योजना की जारी/विस्तारित अवधि के दौरान निकास कर सकता/सकती हूँ ? |
| | हाँ, अभिदाता सीआरए या एनपीएस न्यास को अनुरोध जमा करके किसी भी समय एनपीएस से निकास कर सकता/सकती है। |
| प्रश्न 18 | यदि मैं सेवानिवृत्ति/अधिवर्षिता के बाद भी अपने टियर- I खाते को जारी रखना चाहता/चाहती हूँ, तो क्या मैं विस्तारित अवधि के दौरान एकमुश्त राशि और/या वार्षिकी के आस्थगन को जारी रख सकता/सकती हूँ ? |
| | नहीं, अधिवर्षिता के बाद योजना में जारी रहने के विकल्प का प्रयोग करने पर, लाभों (एकमुश्त राशि और/या वार्षिकी) के आस्थगन का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। |
| ***सेवामुक्ति के कारण निकास – सामान्य निकास***<br>***Exit due to discharge from the service – Normal Exit*** | |
| प्रश्न 19 | क्या मैं नियोक्ता द्वारा सेवामुक्त होने पर निकास कर सकता/सकती हूँ ? |
| | हां, सीसीएस (एनपीएस) नियम 2021 और उसके संशोधनों के अनुसार, आप निम्नलिखित आधारों पर निकास कर सकते हैं :<br>(क). बीस वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने पर।<br>(ख). मौलिक नियमों के नियम 56 के तहत या विशेष स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत |

